भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 15.10.2024

# आरेडिका में अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर वैब गोष्ठी का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 14.10.2024 को राजभाषा के विकास हेतु अनुवाद में सृजनशीलता विषय पर भारतीय रेल राष्ट्रीय अकादमी के तत्वावधान में वैब गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वैब गोष्ठी को डा0 बरूण कुमार ( निदेशक राजभाषा, रेलवे बोर्ड) के द्वारा सम्बोधित किया गया। वैब गोष्ठी में कर्मचारियों एवं अधिकारियों को अनुवाद में सृजनशीलता सिखायी तथा समझाया कि हम किस प्रकार एक प्रभावशाली अनुवाद कर सकते हैं और अपने राजभाषा हिंदी के ज्ञान का प्रचार–प्रसार कर सकते हैं।

मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री रूपेश श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे कर्मचारियों एवं अधिकारियों को हिंदी में अधिकाधिक काम करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से इस प्रकार के वैब गोष्ठी रेलवे बोर्ड द्वारा समय–समय पर आयोजित किए जाते हैं। इस वैब गोष्ठी में आरेडिका के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने बड़ी संख्या में प्रतिभाग लिया।

15.10.2024
(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी